राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जगन्नाथ मिश्र के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 19 अगस्त 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ॰ जगन्नाथ मिश्र के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

महामहिम राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि डॉ॰ मिश्र एक कुशल प्रशासक, संवेदनशील राजनेता और अर्थशास्त्र के विद्वान प्राध्यापक थे। उन्होंने तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय मंत्री के रूप में पूरे देश एवं बिहार की अथक सेवा की। उनके निधन से पूरे देश, विशेषकर बिहार प्रान्त के राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता डॉ॰ मिश्र की आत्मा को चिरशांति तथा उनके पारिवारिक सदस्यों और प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....